हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मौसम के बदलते मिजाज से जनजीवन प्रभावित...



07 सर्दी से बचाने भारतीय स्टेट बैंक ने असहाय...




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2650 | 3601 |
| गेहूं 1544 | 2240 | 3132 |
| चना | 4200 | 5265 |
| मसूर | 5530 | 6141 |
| सोयाबीन | 3270 | 4780 |
| सरसों | 0000 | 0000 |
| धान | 1800 | 4218 |
| उड़द | 5200 | 5200 |
| तेवड़ा | 3900 | 3900 |

## खबर संक्षेप

### प्रहलाद पटेल आज बरखेड़ा कछवा आएंगे

**विदिशा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार को 10.30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे।



जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट ने बताया की कैबिनेट मंत्री पटेल भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत बरखेड़ा कछवा में शामिल होंगे।

### लटेरी एसडीएम का प्रभार अवनीश मिश्रा को

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने लटेरी एसडीएम निकिता तिवारी के अवकाश अवधि में लटेरी एसडीएम का प्रभार अवनीश मिश्रा को सौंपने का आदेश जारी करते हुए उन्हें विदिशा जिला मुख्यालय के सौपे गए दायित्वों का क्रियान्वित यथावत करेंगे।

### गणतंत्र दिवस तैयारियों की बैठक मंगलवार को

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के परिवेश में की जाने वाली तैयारियों को ध्यानगत रखते हुए अंतिम रुप देने हेतु एक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई है। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संबंधित विभागों को समुचित जानकारियों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### बैठक मंगलवार को

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक मंगलवार 8 अगस्त को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

### अब तक हुई 735.20 मैटिक टन धान खरीद

**विदिशा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले दो उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जारी है। जिले में अब तक 112 किसानों से 735.20 मैट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले के मिलर को मिलिंग हेतु 735.20 मैट्रिक टन धान उपलब्ध कराई गई है। पंजीकृत 401 किसानों से 19 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाएगी। अब तक 112 पंजीकृत किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है।

### विधायक ने गौ कथा के लिए दिए 51 हजार

**हैदरगढ़।** प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मृगन्नाथ धाम पर 15 जनवरी से होने जा रही गौ कथा की बैठक का आयोजन किया गया। मृगन्नाथ धाम गौशाला के महाराज हेमराज साहू द्वारा बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी को कथा के संबंध में जानकारी दी। हैदरगढ़ से मृगन्नाथ धाम के रास्ते के बारे में भी अवगत कराया गया। विधायक ने आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही यह स्थान पक्की रोड से जुड़ जाएगा। उन्होंने गौ कथा के लिए 51 हजार की राशि दान की। उनके साथ दिगपाल रघुवंशी द्वारा 11000 की राशि एवं मुकेश सोनी द्वारा 5100 की राशि दान की। बैठक में क्षेत्र के गौ सेवक सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

### 2023 चुनावी साल होने के कारण पुलिस ज्यादा एक्टिव नजर आई

# जुआ और सट्टा के मामले कम हुए, मोटर व्हीकल के 4 गुना बढ़े, वाहन चोरी ज्यादा

शहर में वाहन चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ है। तो वही जुआ, सट्टा जैसे मामलों में कमी आई है। वहीं आबकारी एक्ट के प्रकरण भी कम हो गए हैं। वर्ष 2023 चुनावी साल होने के कारण पुलिस और प्रशासन दोनो मुस्तैद रहे। सालभार कार्रवाई होती रही जिसके कारण यह आंकड़े कम हुए हैं, लेकिन वाहन चोरी के प्रकरणों में कमी नहीं आई है। न ही पुलिस के हाथ कोई बड़ा चोर गिरोह लगा।

**दो और चार पहिया वाहनों की जांच के लिए लगातार चलाए जा रहे हैं अभियान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वर्ष 2023 चुनावी साल रहा, शायद यही वजह है कि पुलिस भी ज्यादा एक्टिव नजर आई। खासतौर पर वाहन चौकिंग के मामलों में पुलिस की सक्रियता ने सभी चौंका दिया है।

वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2023 के मुकाबले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत करीब तीन गुना कार्यवाही ने एक रिकार्ड बनाया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आचार संहिता लागू होने के साथ ही पुलिस ने जिले के तमाम थाना क्षेत्रों के भीतर चैकिंग पाइंट बनाए और जिले के बाहर से आने वाले व जिले के भीतर चलने वाले वाहनों की जांच की। जिसके चलते वर्ष 2023 में मोटर व्हीकल एक्ट के 26 हजार 188 प्रकरण बनाए गए। जबकि वर्ष 2022 की बात की जाए तो पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के 6 हजार 853 और साल 2021 में 7 हजार 171 मामले दर्ज किए थे।

आबकारी एक्ट की बात की जाए तो पिछले साल के मुकाबले उसमें कमी आई है। जहां वर्ष 2021 में आबकारी एक्ट के 786 मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2022 में 1059 और वर्ष 2023 में 993 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं सट्टा के मामलों में भी पिछले साल के मुकाबले 2023 का रेसों कम रहा। 2022 में 347 तो वर्ष 2023 में 331 सट्टा के मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2023 में पुलिस ने बड़े पैमाने में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की है। लेकिन चैकिंग के दौरान पुलिस को चोरी गए वाहनों के सुराग लगाने में सफलता नहीं मिली है।

### वाहन चोरों तक नहीं पहुंच पाती पुलिस

पिछले तीन साल के दौरान करीब साढ़े 600 से ज्यादा वाहन चोरी हुए हैं और इन चोरी गए वाहनों का पुलिस को सुराग नहीं मिला। जानकारों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर चलाए वाहन चैकिंग अभियान से राजस्व का मुनाफा तो हुआ है लेकिन चोरी गए वाहनों की जानकारी मिलना भी जरूरी था। बताया गया कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा सप्ताह या फिर भोपाल पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के बाद ही बड़े स्तर पर वाहन चैकिंग का अभियान चलाया जाता है लेकिन वर्ष 2023 चुनावी साल होने के चलते चुनाव आयोग की गाइड लाइन के बाद यह जांच अभियान चलाया गया था। इस जांच अभियान के दौरान बिना नंबर, बिना लायसेंस, बिना हेलमेट और तीन सवारी समेत बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और करीब 26 हजार से ज्यादा प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के बनाए गए। हांलाकि वर्तमान में सड़क सुरक्षा का पखवाड़ा चल रहा है। इस दौरान भी वाहन की चैकिंग की रफ्तार पुलिस ने तेज कर दी है।



# ठंड का कहर : रोज 8 से 10 पशुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

तेज सर्दी के कारण प्रतिदिन आठ से दस पशुओं की मौत हो रही है। नपा कर्मचारियों के मुताबिक सामान्य दिनों की अपेक्षा सर्दी के कारण अब पशुओं की मौत दोगुनी होने लगी और हर दिन औसतन 8 से 10 पशुओं की मौत हो रही है।

शहर में स्थित गोशालाओं में पशुओं की मौत होने पर उन्हें उठवाया जा रहा है। शहर में करीब 1 हजार गौवंश सड़कों पर रात गुजार रहा है। शहर में माधवगंज, रामलीला, जयस्तंभ बजरिया, सब्जी मंडी, पीतलमिल, अहमदपुर चौराहा, दुर्गानगर, बेस नदी पुल, बेतवा पुल, मिर्जापुर चौराहा आदि कई क्षेत्र हैं जहां बड़ी संख्या में गौवंश खुले आसमान तले रात बिताता है। इन्हें गौशाला में स्थान दिलाने के प्रयास नहीं किए जाते। वहीं शहर में जो गौशालाएं हैं। पहले से ही क्षमता के अनुरूप गौवंश होने से इन सड़कों पर घूमते पशुओं को गौशालाओं में सुरक्षित स्थान नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन स्तर पर किसी तरह के अन्य प्रयास भी नहीं हो रहे। जिससे गौवंश को बढ़ती सर्दी के बीच अपनी जान गवाना पड़ रही है।

### गौशाला में भी बीमार हो रहीं गायें

गौ सिक्युरिटी फोर्स संस्था के अंशुल शर्मा, ऋगवेद शर्मा का कहना है कि सर्दी के कारण हर दिन सड़कों पर पांच-छह गाय बीमार हो रही है। बीमार एवं घायल गायों को वि_लनगर गौशाला स्थित हमारे निजी चिकित्सा अस्पताल लाया जाता है जहां उनका हर संभव उपचार करने के साथ ही ऐसी सभी गायों को रजाई व गद्दे ओढ़ा कर सर्दी से उनका बचाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्दी के कारण गायों के हाथ पैर अकड़ जाते हैं। अधिक कमजोर होने से कई बार मौत भी हो जाती है।

### इस बार सर्दी में चौक चौराहों पर नहीं जले अलाव

सर्दी से बचाव के लिए शहर में जगह-जगह अलाव जलाना बहुत जरूरी हो गया है। पूर्व में नगरपालिका द्वारा यह कार्य किया जाता था। इससे रात में न केवल बेसहारा लोग बल्कि पशु भी अलाव के आसपास खड़े रहकर सर्दी से बचाव कर लेते थे, लेकिन अब तक यह अलाव नहीं जलने से गौवंशीय पशुओं को सर्दी से बचाव के कोई साधन सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें अभी मौसम और खराब होने की संभावना जताई गई है। वहीं बारिश के साथ ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है।

## विदिशा की किंजल पाल ने 26 किलो वजन में मप्र को स्वर्ण पदक दिलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर की बिटिया किंजल पाल ने ताईक्वांडों में स्वर्ण पदक हासिल कर शहर ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन किया है।

किंजल के नगर आगमन पर उनके निवास पर शहर के अनेकों सामाजिक संगठनों ने पहुंचकर बधाई दी। 67वीं राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 31 से 5 जनवरी तक बैतूल में हुई। जिसमें विदिशा की किंजल पाल ने 26 किलो में मप्र को स्वर्ण पदक दिलाया। जिला सचिव विकास थापा ने बताया कि किंजल पुलिस ताइक्वांडो क्लब विदिशा में प्रशिक्षण प्राप्त करती है। इस उपलब्धि पर दिलीप थापा और सभी सीनियर और ताइक्वांडो परिवार ने उन्हे बधाई दी है। रविवार को बड़ी संख्या में लोग किंजल पाल के लोहंगी स्थित निवास पर बधाई देने पहुंचे।

### मुआवजा प्रकरणों के निराकरण दल गठित

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सीएम हेल्पलाइन में निजी भूमि के मुआवजा प्रकरणों के निराकरण हेतु एक दल गठित करने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर भार्गव द्वारा गठित चार सदस्यीय दल में संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सडक विकास निगम, संभाग भोपाल, अनुविभागीय अधिकारी लटेरी, परियोजना निदेशक विदिशा तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा को शामिल किया गया है। दल सदस्यों के द्वारा आवेदकों की भूमि का पूर्व में कोई मुआबजा दिया गया है या नहीं उक्त शिकायतों के निराकरण करेगी। कलेक्टर भार्गव के द्वारा गठित दल के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 752-बी के निर्माण में ग्राम मसूडी, मूडरासागर, बलरामपुर के कृषकों द्वारा बार-बार सीएम हेल्पलाईन के माध्यम से उक्त ग्रामों में सड़क निर्माण में निजी भूमि जाने से मुआवजा राशि की मांग की जा रही है। उक्त मार्ग को पूर्व में एमपीआरडीसी के आधिपत्य में था।

### पूर्व क्रिकेटर स्व.संतोष पासी की स्मृति में एसपीसीएल का शुभारंभ

# पहले दिन चार मुकाबले, मन ऑफ द मैच बने अशद पठान, रायसेन टीम प्रतियोगिता से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूर्व क्रिकेटर स्व. संतोष पासी की स्मृति में जैन कॉलेज ग्राउंड पर एसपीसीएल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें पहला मैच न्यू शिव मंदिर बनाम राइजिंग स्टार विदिशा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू शिव मंदिर ने 101 रन का लक्ष्य राइजिंग स्टार के लिए दिया। जिसका पीछा करते हुए मात्र 72 रन बना पाई राइजिंग स्टार और मैच हार गई।

मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अशद पठान को मन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला रायसेन यूथ बनाम आरसीवी के मध्य खेला गया। रायसेन यूथ ने 70 रन का पीछा करते हुए मात्र 6.1 ओवर में 4 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला तानिस्क 11 भोपाल बनाम यंगस्टर बासौदा के मध्य खेला गया। जिसमे भोपाल ने 111 रन का टारगेट यंगस्टर बासोदा को दिया। जिसका पीछा करते हुए यंगस्टर बासौदा मात्र 46 रन बना पाई और मैच गवां दिया।

दिन का अंतिम और दूसरे राउंड का मुकाबला तनिष्क 11 भोपाल बनाम रायसेन यूथ के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने 83 रन का टारगेट दिया। जिसका पीछा करने उतरी रायसेन यूथ 71 रन ही बना पाई और 12 रन से हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हुई।



**विदिशा।** प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

## ऑटो चालकों को यातायात के नियम बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

15 जनवरी तक सड़क सुरक्षा विशेष जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। रविवार को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर, पीतलमिल पर खड़े होने वाले ऑटो चालकों को सूबेदार हिरदय सिंह कुशराम व यातायात स्टाफ ने यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

सभी को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही सभी चालकों को निर्धारित वर्दी पहनने एवं अपने ऑटो के सभी जरूरी कागजात बनवाने की भी समझाइश दी। सीएसपी राजेश तिवारी ने बताया की शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले 12 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। जिनसे शमन शुल्क 6400 वसूल किए गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।




विदिशा। सड़क सुरक्षा विशेष जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

### अड़ीबाजी का विरोध किया तो मारपीट, दुकान में लगाई आग, हाथ जला

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृषि उपज मंडी मिर्जापुर के गेट के पास मारपीट का मामला सामने आया है। उदयनगर कॉलोनी निवासी संतोष विश्वकर्मा की पान गुटके की दुकान पर मनोज यादव नाम के व्यक्ति द्वारा पैसों के डिमांड की गई। पैसा न देने पर मनोज यादव ने संतोष के साथ मारपीट कर दी। लाठी उसके सिर पर मारकर लहू लुहान कर दिया। साथ ही साथ आग भी लगा दी। जिससे संतोष का हाथ झुलस गया। हंड्रेड डायल की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज में हुआ मूट कोर्ट का आयोजन



**विदिशा।** कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज में लॉ पाठ्यक्रम के छात्र छात्रों का मूट कोर्ट आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल से आए हुए लॉ विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार भिस्मा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ नीलम पोरानिक, महाविधालय के संचालक आनंद शरण, शिक्षक राहुल विश्वकर्मा, राजकुमार अहिरवार, जीतेन्द्र वर्मा, अनिला कुमार श्रीवास्तव, दीक्षा नेमा निशा अहिरवार की उपस्थिति में छात्र छात्रों को लॉ मूट कोर्ट के बारे में जानकारी साझा की गई।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**कुरवाई।** ग्राम गुदावल के पास रेलवे ट्रैक पर गुदावल फाटक के आगे 25 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। शव की शिनाख्ती नहीं हो सकी है। प्रधान आरक्षक शेर सिंह ने बताया कि अज्ञात युवक किसी ट्रेन से गिर गया था। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक के पास से कोई परिचय पत्र प्राप्त न होने के कारण परिजन की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने मर्ग के काम कर विवेचना में लिया है।



## शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

**सर्द हवा के कारण बाजार में भी नहीं निकल रहे लोग**

नए साल की शुरुआत के साथ ही विदिशा में सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है। कोहरा, बादल और सर्द हवाओं से दिन का तापमान लुढ़क गया है। जिसके चलते न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रविवार सुबह से मध्यम कोहरा छाया हुआ है। आसमान में बादल होने से धूप नहीं निकली है।

सर्द हवा चलने से मौसम में ठंडक बनी है। जिसके चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और भट्टी में हाथ सेंकते नजर आए। इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग घरों में कैद रहे। लोग जरूरी काम होने पर ही पूरे गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकले। बादल छाने और सर्द हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट देखने को मिली। रविवार को अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। आज का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अधिकतम तापमान में ओर गिरावट देखने को मिल सकती है। कुछ दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

# ढोल बजाकर दे रहे अयोध्या का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को मुखर्जीनगर में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा ढोल बजाकर अयोध्या में श्री राम मंदिर एवं भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण दिया।

घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत बांटे। स्वयंसेवक सुरेंद्र कुशवाह ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 22 जनवरी को विदिशा में दीपावली मनाने की तैयारी हिन्दू समाज द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर नगर की 20 बस्तियों में कई टोलियां बनाई गई हैं। घर-घर पहुंचकर प्रत्येक परिवार को अयोध्या से आए चावल देकर श्री राम जी की स्थापना के महत्व को बता रहे हैं। वहीं घर-घर दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। बैठक कर नगर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान करने का आग्रह किया गया है। दोपहर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं हर घर में शाम के समय दीपावली की तरह दीप जलाए जाएंगे। इसी तारतम्य में 22 जनवरी श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु चल रहे पूरे देश में अक्षत वितरण किए जा रहे हैं।

स्वयंसेवक घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं।अक्षत एवं राम मंदिर पंपलेट घर-घर वितरण किए गए।, गंगा उपनगर, के अक्षत वितरण प्रभारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भीकमसिंह कुशवाह ने बताया की रविवार को गंगा उपनगर के मुखर्जी नगर, पान बाग, सिंधी कॉलोनी, डंडापुरा, गुप्तेश्वर मंदिर, तोपपुरा, बड़ी बजरिया, वाटर बॉक्स रोड, बड़ा बाजार, लोहा बाजार, रायसेन गेट इन मोहल्ले में अक्षत वितरण किए गए। अभी तक गंगा उपनगर के 3000 परिवारों में अक्षत वितरण किए गए, आगामी 5000 परिवारों में अक्षत वितरण किए जाएंगे। इस दौरान गंगा उपनगर में अलग-अलग टोलियां अक्षत वितरण कर रही हैं टोली में विश्व हिंदू परिषद से निर्देश दिलेरिया, विक्की चौधरी, नेतसिंह राजपूत, रेखा तिवारी, विजय शर्मा, गोविंद प्रजापति, धर्मेंद्र मिश्रा, अनुराग नामदेव, सिद्धार्थ खत्री, अमित सक्सेना आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### बाइक आमने-सामने टकराईं, दो घायल



**त्योंदा।** रविवार को त्योंदा स्थित पूजा गार्डन रहमानपुर रोड पर दो बाइक आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलखान सिंह अहिरवार खिरिया टपरा निवासी अपनी बाइक से खिरिया जा रहा था, वहीं भारत सिंह अहिरवार निवासी ग्राम दौलत पिपरिया अपनी बाइक से त्योंदा आ रहा था। तभी रास्ते में पूजा गार्डन के सामने दोनों बाइक आमने-सामने से टकरा गई। सूचना मिलने पर त्योंदा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए त्योंदा भेजा गया। दोनों बाइक चालकों को गंभीर चोट लगी जिन्हें उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

**गंजबासौदा।** तेज सर्दी के कारण सरकारी एवं प्रायवेट अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन 600 से 700 मरीज सर्दी के चलते उपचार कराने आ रहे हैं वहीं प्राइवेट क्लीनिकों पर भी मरीजों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। सर्दी का असर सबसे ज्यादा बच्चों एवं बुजुर्गों पर दिखाई दे रहा है। शीत लहर के चलते सर्दी, जुखाम, खांसी, बुखार, अस्थमा, बीपी के सबसे ज्यादा मरीज उपचार के लिये आ रहे हैं। चिकित्सों को बच्चों एवं बुजुर्गों को शीतलहर से बचने के लिये घरों में ही रहने की एवं शीत की चीजें न खाने की सलाह दी है । नगर सहित ग्रामीण अंचलों से प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिये अस्पताल में पहुंच रहे हैं।

### मुन्नीबाई का निधन

**गंजबासौदा।** भीम सिंह रघुवंशी नेवली वालों की पत्नी एवं संजय रघुवंशी की माताजी, भवानी सिंह भागीरथ रघुवंशी की भाभी तथा विशाल रघुवंशी की बड़ी मम्मी मुन्नी बाई का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास पूर्वी रेल्वे कालोनी स्वरूपनगर से सोमवार को सुबह 11 बजे पाराशरी विश्राम घाट के लिये निकाली जाऐगी।

### अधेड़ का शव मिला

**गंजबासौदा।** रेल्वे स्टेशन के खंभा नंबर 928/41 पर लगभग 60 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव मिला। प्रथम दृष्टया पता चला है्र कि उक्त व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। जीआरपी पुलिस ने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मावठे की बारिश से फसलों को फायदा तो कहीं नुकसान की आशंका

# मौसम के बदलते मिजाज से जनजीवन प्रभावित, पड़ रही तेज सर्दी और कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत एक सप्ताह से पड़ रही तेज सर्दी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रविवार को नगर दिन भर कोहरे की चादर ओढ़ी रही। शुक्रवार को हल्की बारिश होने के बाद रविवार को भी सुबह एवं शाम के समय नगर में हल्की बारिश हुई। इस दौरान कहीं कहीं अच्छी बौछारें पडी हैं। मावठे की इस बारिश से कुछ फसलों को लाभ है तो कुछ फसलों को नुकसान भी बताया जा रहा है।

तेज सर्दी के कारण नागरिकों को एक सप्ताह से सही ढंग से सूर्य देव के दर्शन तक प्राप्त नहीं हुए। अल सुबह और रात्रि के समय वाहन सड़कों पर रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेने भी कई घंटे देरी से चल रहीं हैं। जिसके कारण यात्रियों को तेज सर्दी में स्टेशन पर बैठकर





घण्टों तक ट्रेनों के इंतजार करना पड़ रहा है। तेज सर्दी और कोहरे के कारण नागरिक दिन भर घरों में ही दुबके रहे। जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले सड़कों पर भी इक्का दुक्का यहां वहां नागरिक नजर आ रहे हैं। नागरिकों द्वारा सर्दी से बचाव के लिए घरों में सिगड़ी, हीटर , रूम हीटर आदि का उपयोग किया जा रहा है। वहीं दिन भर नागरिक सर्दी से बचाव के लिये चाय की चुस्की लेते नजर आये। तेज सर्दी और कोहरे के कारण सुबह के समय सैर करने वाले लोग 8 बजे के बाद घूमने निकल रहे हैं। वहीं सुबह के समय सड़कों पर दृश्यता न के बराबर रही। थोड़ी दूरी पर खड़े हुए व्यक्ति को देख पाना तक मुश्किल हो रहा है।

तेज ठंड और कोहरे के कारण फसलों पर इल्ली एवं तुषार की आशंका के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे दिखाई दे रही हैं। फसलों को तुषार पाले से बचाने के लिए किसान खेतों की मेढ़ पर धुआं कर रहे हैं। वहीं फसलों में गर्मी के लिए खाद का छिड़काव भी कर रहे हैं। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय हल्की बूंदाबादी ने भी किसानों को कहीं खुशी दी तो कहीं किसानों के चेहरे पर चिंता दिखाई दी। नगर में तेज सर्दी के कारण जहां नागरिकों का घरों से निकलना तक दूभर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर किसान अपनी गेहूं फसलों में पानी दे रहे थे। रविवार को सुबह नगर सहित ग्रामीण अंचलों में हल्की हल्की बूंदा बांदी हुई। इस बूंदाबांदी से गेहूं, चना एवं सरसों की फसलों को तो फायदा होगा। लेकिन दूसरी तरफ मसूर एवं तेवड़ा की फसलों को नुकसान होगा। जिसके कारण जिन किसानों ने गेहूं एवं चना की बोवनी की है वह तो इस बूंदाबादी से खुश नजर आ रहे हैं लेकिन जिन किसानों को मसूर एवं तेवड़ा की बोबनी की है वह दुखी नजर आ रहे हैं। वहीं ग्राम फूफैर के किसान पर्वत सिंह का कहना है कि तेज सर्दी के कारण फसलों में पाला एवं तुषार की आशंका बनी हुई है।

## 'जेल में विचाराधीन बंदी अपने अपराध बोध का प्रायश्चित करें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जेल में विचाराधीन बंदी अपने अपराध बोध का प्रायश्चित कर अपने आप को सुधारने का संकल्प लेकर अपने आगामी भविष्य को संवारने का सार्थक प्रयास करें ताकि उनका जीवन सफल बन सके। उपरोक्त उद्गार न्यायाधीश शशांक सिंह ने विधिक सहायता शिविर में उप जेल में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। इस अवसर पर न्यायाधीश ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत व्याख्या की और उनके बारे में विस्तार से समझाया। शिविर में वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि जेल में कैदियों को शासन द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान है, उसका लाभ उठाने का उन्होंने अनुरोध किया। शिविर का संचालन करते हुए अधिवक्ता राजेश सक्सेना ने विधिक सहायता समिति के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बतलाया और कैदियों को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी बतलाया।

कार्यक्रम को उपजेल के जेलर आलोक भार्गव ने भी संबोधित करते हुए बंदियों को सलाह दी कि वह अपने अपराध को दोबारा न करने का संकल्प लें और अपने जीवन को नव निर्माण बनाने का भी संकल्प लें। इस अवसर पर न्यायाधीश शशांक सिंह ने कैदियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजेल का समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आगामी दिनों में उपजेल में इस तरह के रचनात्मक कार्य और किए जाएंगे ताकि जेल में कैदियों को और भी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## भगवान के जन्म एवं तप कल्याण पर गौवंश को खिलाए लड्डू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय मेवली-कांचरोद रोड स्थित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में भगवान चंद्रप्रभु स्वामी एवं भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर जैन समाज के सहयोग से 700 किलो औषधी युक्त गुड़ के लड्डू तैयार कराए गए , जिन्हे गौ भक्तों ने अपने अपने हाथो से गौ शाला में आश्रय प्राप्त गौ माता को खिलाया। ज्ञात हो पिछले कई दिनों से पूरे क्षेत्र में शीत लहर का दौर चल रहा है, जिससे सबसे ज्यादा प्रभावित मूक प्राणी हो रहें हैं। नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला मे लगभग 150 गौ वंश आश्रय प्राप्त कर रहे हैं । शीत लहर के प्रवाह से बचाने औषधी युक्त 7 क्विंटल लड्डू बनवाकर आरोन से मंगाए गए थे। आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद, नगर में विराजमान निर्यापाक मुनि समय सागर महाराज एवं गौशाला उद्धारक मुनि विशद सागर महाराज की प्रेरणा से गौशाला में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। औषधी युक्त लड्डू वितरण कार्यक्रम में सबसे पहले सामूहिक भक्तांबर पाठ किया गया। उसके उपरांत गौ सेवकों ने गौवंश को लड्डू अपने हाथों से खिलाए। गौ शाला समिति ने गौशाला में परिवार सहित निवास कर रहे गौ सेवको का तिलक लगाकर एवं उपहार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारी एवं नगर के प्रमुख धार्मिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### ऊनी कपड़े वितरित किए

**गंजबासौदा।** गत दिवस सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल के संयुक्त तत्वाधान में इंदिरा नगर प्राइमरी स्कूल में सोनाली शेवडे के बेटे हिमांशु के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अध्ययनरत छोटे बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई एवं सर्दी से बचाव के लिए महिला मंडल द्वारा गरीब बस्तियों में जाकर ऊनी वस्त्र, जरकिन, टोपे आदि वितरित किए गए। इस मौके पर वंदना तिवारी, लक्ष्मी शर्मा, सोनाली शेवडे, रश्मि देशपांडे, विद्या यादव, रामरति दुबे, हेमलता नरवरिया, लीलावती नामदेव, मालती पाल उपस्थित थीं।

## 'जीरो वेस्ट योजना हमारी संस्कृति का अभियान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हमारी संस्कृति में भोजन पद्धति की वापसी प्रक्रिया भर है। हमारे जैन संतों की भोजन प्रक्रिया को देखो, उनके जीवन में न्यूनतम व्यय या जीरो वेस्ट अभियान को साकार होते सीखा जा सकता है। यह बात नपा परिषद के माध्यम से सैण्ट एसआरएस कैम्प जीरो वेस्ट योजना का सफल क्रियान्वयन करते हुए कही। इस अवसर पर डायरेक्टर केएस यादव ने एनएसएस स्वयंसेवक सेवकों सहित शिक्षक परिवार से आह्वान किया कि जीरो वेस्ट अभियान वास्तव में भारतीय भोजन पद्धति की वापिसी है। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने अतिथियों का



अभिनंदन किया। नपा कर्मचारियों और बीएड कॉलेज स्टाफ ने स्वयंसेवकों के साथ जीरो वेस्ट पॉलीथिन से पूर्णतः मुक्त पद्धति से सात्विक भोजन किया। इस जीरो वेस्ट आयोजन में 1400 छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन से 10 क्विंटल कचरा कम उत्सर्जित हुआ।

### अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र से आज सारा देश तरक्की की राह पर अभूतपूर्व रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत न केवल आत्मनिर्भर बन चुका है बल्कि अब हम हर क्षेत्र मे स्वदेशीकरण की और तेजी से बढ रहे है। यह बात विश्राम गृह मे आयोजित अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्य कारिणी बैठक लेने आए मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रभारी और भाजपा प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा ने कही। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन ने सबको साथ मिलकर 22 जनवरी को दिऐ जलाकर श्रीराम दीपावली मनाने का आह्वान भी किया। जिला महामंत्री मुकेश तिवारी , नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, रीता भावसार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शबनम बी ने सभी पार्टी जनो से मिलकर काम करने आगामी लोकसभा चुनाव मे फिर से ऐतिहासिक मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर किरमानी, नगर मंडल अध्यक्ष सनी भावसार एवं भारतीय जनता पार्टी के जिले के पदाधिकारी जिला कार्य समिति सदस्य और सभी नगर मंडल अध्यक्ष और समस्त अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी मित्र अभियान, किसान संवाद सम्मेलन, विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में शील श्रीफल एवं पगड़ी पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर किरमानी ने व्यक्त किया।

## मतदाता सूची को लेकर दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 6 से 22 जनवरी तक चलेगा। इसके लिए गत दिवस पटवारी सभागृह में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है। विधानसभा क्षेत्र 145 के मतदान केन्द्रों पर पदस्थ बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने, नाम निरस्त किये जाने तथा नामों का संशोधन किये जाने के दावे आपत्ति लिये जावेगें। बैठक में सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके बाद पटवारी सभागृह में ही एसडीएम की अध्यक्षता में पीएम जनमत योजना की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

### काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने किया अपनी रचनाओं का पाठ

**गंजबासौदा।** गत दिवस साहित्यकार संघ के सृजन शील रचनाकारों ने ओम प्रकाश आर्य के निवास पर शीतकालीन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार अशोक शाह पेन्टर व्दारा की गई एवं संचालन चन्द्र कुमार तारन संपादक सृजन परिदृश्य व्दारा किया गया। वरिष्ठ रचनाकार ओपी प्रजापति ने महाकवि सूर्य कान्त त्रिपाठी निराला की अमर स्वर धारा सरस्वती वंदना का मधुर गायन किया। तद्धुपरांत चन्द्र कुमार तारण ने कवि-कुल की परंपरा का उल्लेख करते हुये कहा कि लीक-लीक कायर चले, लीकहि चले कपूत लीक छांड तीनहिं चलें कवि-कुल सिंह सपूत, युवा कवि पंकज नामदेव ने कहा की समय की धारा को भी मोड़ सकता है। कवि शायर फहीम वासोदवी ने कहा जुल्म फिर जुल्म है बढ़ता है तो मिट जाता है। वैद्य राज निहाल सिंह पंथी कवि ने सत्य से साक्षात्कार कराते हुए कहा कि नाम बड़ा किस काम का जो किसी के काम न आये सागर से नदिया भलि जो सबकी प्यास बुझाए। डॉ. भगवतदत्त जिज्ञासु ने ऋषिवर दयानंद सरस्वती के विचारों से अवगत कराया। शायर अजीम भाई ने सम सामायिक सन्दर्भों को रेखांकित करते हुये कहा कि अब नफरतों के ओर ना पत्थर उछालिये। ओमप्रकाश आर्य ने कहा की आ दर्द मेरे दर्द में समाहित हो जा। सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा की यह वो जहाँ है, जहाँ कोख बिकती है दिल बिकते हैं। कवि राजेश भावसार ने सूर्य की तरह तेजस्वी बनने की बात कही। कवि अनिल त्रिपाठी ने वर्तमान समाज मे व्याप्त पाखण्ड को रेखांकित करते हुये कहा कि माता-पिता,गौवंश का हो रहा अपमान।

### वेदांत आश्रम में श्रीराम कथा का सातवां दिन

## डॉ.वेदांती ने श्रीराम कथा में किया शिव महिमा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा के सप्तम दिवस में जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य डॉ. राम कमल दास वेदांती महाराज ने सप्तम दिवस शिव चरित्र में भगवान शिव के अद्भुत महिमा का वर्णन करते हुए शिव विवाह का दृश्य उपस्थित किया। उन्होंने बताया कि धर्म संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधता है। धर्मनिष्ठ प्राणी कभी भी दूसरे को दुख नहीं पहुंचता भले ही उसे खुद ही कष्ट क्यों ना उठाना पड़े। भगवान राम की सीता रूप धारण कर परीक्षा लेने वाली सती ने अपने पिता के यज्ञ में शरीर त्याग कर दिया था। शरीर त्याग करने के पहले उन्होंने भगवान राम से यह वरदान मांगा कि वे धरती पर जन्म लेकर पुनः भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त कर सकेंगी।

सनातन संस्कृति में पति और पत्नी का साथ अनेकों जन्मों का होता है। इसलिए हमारे रामायण शिव और पार्वती के चरित्र के माध्यम से यह बताते है कि हमें अपने संपूर्ण परिवार को विश्वास के






माध्यम से सदैव एक सूत्र में बांधे रखना चाहिए। पति-पत्नी का परस्पर विश्वास ही घर गृहस्थी को मजबूत बनाता है। पार्वती ने भगवान शिव को पुनः पति के रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या की। उनकी तपस्या की परीक्षा लेने के लिए भगवान शिव ने सप्तऋषियों को उनके पास भेजा। सप्तर्षियों ने उनकी परीक्षा लेते हुए जब उनके गुरु और इष्ट देव की निंदा की तो पार्वती जी ने कहा कि मुझे भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए करोड़ों जन्म ही क्यों ना लेना पड़े तो भी में जन्म जन्मों तक शिव को ही प्राप्त करने की प्रार्थना करती रहूंगी।

तदुपरांत भगवान शिव की बारात का बड़े सुंदर ढंग से वर्णन करते हुए स्वामी वेदांती ने कहा, दूल्हा के रूप में भगवान शिव बैल पर सवार होकर विवाह मंडप में गए। हिंदू संस्कृति में बैल को धर्म का प्रतीक माना गया है। अतः जो लोग धर्म में स्थित होकर गृहस्थी को चलाते हैं उनका गृहस्थ जीवन सुखमय होता है, परिवार बिखरने नहीं पाता। कथा के अंत में भगवान शिव की बारात का बैंड बाजे के साथ कथा पंडाल में स्वागत किया गया।

इंदौर से आए विशिष्ट कलाकारों ने अपनी मनमोहक शिव पार्वती झांकी के साथ साथ राधा कृष्ण सखियों के रूप धारण कर अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। स्वामी वेदांती महाराज संग झांकियों के साथ अनेक तीर्थ स्थलों से आए संतों ने कथा मंच पर ही फूलों की होली खेली। आश्रम के महंत हरिहर दास ने शतचंडी महायज्ञ का उज्जैन से आए तथा आश्रम के विद्वान आचार्य के साथ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ कुंड में अग्नि स्थापन कर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए यज्ञ का शुभारंभ किया। यज्ञ स्थल में विराजमान नव देवियों की अत्यंत मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के मन को बरबस अपनी ओर खींच ले रही है। इस परिसर स्थित मेले में रविवार होने से बच्चों सहित लोगों चहल पहल रही।

## शहर वाचनालय में पाठक संघ ने मनाई गीतकार गोपालदास नीरज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार गोपालदास नीरज की जन्म जयंती शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले के मुख्य आतिथ्य में एवं पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र शर्मा पिंकू की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन शहर वाचनालय संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए गोपाल दास नीरज के व्यक्तित्व के बारे में बतलाया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान हिंदी साहित्य के प्रखर विद्वान, कवि और फिल्मी गीतकार बताया, जिनको भारत सरकार से दो बार पद्मश्री एवं पद्मभूषण से पुरस्कृत किया गया। वहीं उन्हें तीन बार लगातार फिल्म फेयर पुरस्कार से भी नवाजा गया। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में सन 1925 में हुआ। उन्होंने हिंदी साहित्य से मेकर कॉलेज में प्राध्यापक की नौकरी भी की और फिल्मों के गीत भी लिखे।

जिसमें मेरा नाम जोकर, प्रेम पुजारी सहित अनेक उल्लेखनीय फिल्मों में उन्होंने गीत लिखे जो काफी प्रसिद्ध हुए। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप अरोरा, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, कवि जगमोहन सेन ने भी उनके गीत कारवां गुजर गया और हम देखते रहे को गाकर सुनाया। इस अवसर पर पाठक संघ के अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर छह दिवसीय निशुल्क शिविर आज से प्रारंभ

**गंज बासौदा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श शिविर का आयोजन निवारण डेंटल हॉस्पिटल नगर पालिका के पीछे, पुराना मेला ग्राउंड में किया जा रहा है। यह शिविर सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 से रात्रि 8 बजे तक चलेगा जिसमें किसी भी तरह का शारीरिक दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द एवं अकड़न, रीढ़ की हड्डियों में नस का दबना, सियाटिका, कमर दर्द, घुटनों में गैप का कम होना, घुटने एडी का दर्द, लकवा, सेरेब्रल पाल्सी, बच्चों की जन्मजात कोई भी समस्या जैसे हाथ पैर के टेढ़ा या सही से खड़े होने चलने की कोई समस्या, किसी भी ऑपरेशन के बाद का कोई दर्द या तकलीफ, प्लास्टर हटने के बाद का दर्द एवं तकलीफ जैसी कोई भी शारीरिक दर्द एवं तकलीफ के इलाज का निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही फिजियोथेरेपी द्वारा इलाज कराना चाहते है तो कुल खर्च के पैकेज में भी 40 प्रतिशत का विशेष डिस्काउंट दिया जाएगा।

नपा को मिला विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन व प्रेरणा का परिणाम, स्वच्छता की लड़ाई में जीत

# नपा सिरोंज को जीएफसी में एक स्टार और शौच मुक्त शहर में ओडीएफ डबल प्लस में चयन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद ने इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था। भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत भारत शासन द्वारा नगर पालिका को कचरा मुक्त शहर जीएफसी स्टार एक रैंकिग के चयन किया गया था। नगर पालिका परिषद ने यह मुकाम विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयासो एवं उनके मार्गदर्शन व निर्देशन में यह परिणाम प्राप्त हुए है। जबकि सिरोंज नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाष साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना का कहना है कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए हमेशा विधायक उमाकांत शर्मा हमें प्रेरणा मिली है। इसी तरह शहर के कुशल प्रषासनिक अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी का हमें हमेषा मार्गदर्शन व सहयोग मिलता रहा और यह उसी का परिणाम है कि आज हम सिरोंज शहर को कचरा मुक्त व स्वच्छ बनाने व शासन की योजनाओं का क्रियांवयन करने के लिए हमें सफलताए मिल रही है।

## शासन की गाइडलाइन्स का नपा ने किया पालन

नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर पालिका परिषद सिरोंज को कचरा मुक्त शहर जीएफसी स्टार एक रैंकिंग के लिए चयनित किया गया है। साथ ही नगर पालिका द्वारा खुले में शौच मुक्त ओडीएफ डबल प्लस के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया था। जिसके अन्तर्गत शासन द्वारा जारी किए गए विभिन्न गाइडलाइन का पालन नपा द्वारा कर उक्त प्रतियोगिता में अपना दावा प्रस्तुत किया गया था। जिसको भारत शासन दिल्ली की स्वच्छता सर्वेक्षण टीम द्वारा निरीक्षण उपरांत ओडीएफ डबल प्लस के लिए चयन किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का संपूर्ण परिणाम 11 जनवरी को आना संभावित है। जिसमें निकाय की संपूर्ण रेकिंग शासन द्वारा घोषित की जाएगी। शासन द्वारा सर्वेक्षण के दो प्रमुख घटकों जीएफसी स्टार रैंकिंग वन एवं ओडीएफ डबल प्लस के लिए चयन किया गया है। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा 2014 से प्रांरभ किया गया है यह पहली बार है कि जब सिरोंज नगर पालिका को किसी रैकिंग में शामिल किया गया है। पहली ही बार में दो पुरस्कार जीतना नपा की बडी उपलब्धि है। सीएमओ श्री साहू का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत हमारी नगर पालिका को खुले में शौच मुक्त को लेकर ओडीएफ डबल प्लस के रूप में चयनित किया गया है तो वही जीएफसी के तहत वन स्टार रैंकिंग हमें मिली है। हालाकि संपूर्ण रिजल्ट 11 जनवरी को आने की संभावना है। जिसमें हमें अच्छा स्थान मिलने की उम्मीद है। उन्होने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए शहर के आम नागरिकों व सामाजिक संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नगर पालिका परिषद भी लगातार शहर को साफ सुंदर बनाने के लिए अभियान चला रही है और हमनें सफाई के लिए कई टीमें बनाई है। साथ ही शहर के अलग-अलग स्थानों पर कचरा घर बनाए है। जिसके कारण शहर के नागरिक उन्ही कचरा घरों में कचरा डालते है और सुबह सुबह नपा के सफाईकर्मी उक्त कचरे को शहर के बाहर बनें ट्रेंचिंग ग्राउंड में डालते है।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### शासन से मिलेगी नपा को राशि

*भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2023 के अंतर्गत सिरोंज नगर पालिका परिषद ने इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था। जिसमें जीएफसी में एक स्टार व शौच मुक्त शहर में ओडीएफ डबल प्लस में चयन होने के बाद भारत सरकार सिरोंज नगर पालिका को शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए जो भी संसाधनो की आवश्यकता पडेगी। जैसे कि कचरा गाड़ी सहित अन्य महत्वपूर्ण संसाधनो के लिए एवं सफाई के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता पडने पर शासन मदद करेगी। इससे शहर साफ सफाई की और अग्रेषित होगा। शासन की मंषा है कि जिस श्रेणी में नपा का चयन में हुआ है वह बरकारार रहें और आगे अपनी श्रेणी बडाए।*

अभिभाषक संघ का नव निर्वाचन

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने संघ पदाधिकारी का भरपूर सहयोग मिलेगा: बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिलनसार, सबको हमेशा साथ लेकर चलने वाले अधिवक्ता क्षेत्र में संपूर्ण जिले में अपनी सारगर्भित पहचान बनाने वाले दूसरी बार लगातार अध्यक्ष बनने वाले एडवोकेट कपिल त्यागी, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव पियूष चौरसिया, सहसचिव अख्तर खान, कोषाध्यक्ष मितेश अग्रवाल को निर्वाचित होने पर वरिष्ठ अभिभाषक एवं मानव अधिकार संरक्षण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत, एडवोकेट आशा बोहत, एडवोकेट सुभाषिनी बोहत, एडवोकेट दीपक बाजपेई, एडवोकेट मनमोहन दुबे, एडवोकेट डीसी कोटिया, एडवोकेट अमृत नरबारे ने बधाई दी। वही उन्होने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह अभिभाषक संघ के माध्यम से अभिभाषक संघ सिरोंज में पंजीकृत समस्त अभिभाषक साथियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने में सिरोंज अभिभाषक संघ अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिससे संपूर्ण देश के अधिवक्ताओं द्वारा अपने अधिकारों के लिए जो लड़ाई लड़ी जा रही है उसमें न्याय मिल सके और सभी अधिवक्ता साथियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त हो सके।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

सागर। राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में

पालीवाल ने दी योजनाओं की जानकारी

# संकल्प यात्रा में शामिल हुए भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज-लटेरी विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा भाजपा देवपुर मंडल की ग्राम पंचायत संतोषपुर,मुगलसराय पहुंची। इस अवसर पर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि भाजपा के वरिष्ठ नेता पं प्रशांत पालीवाल जनपद क्षेत्र मुगलसराय में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार के हितग्राहियों योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही प्रमाण-पत्र वितरित किए। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह जी कुर्मी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंहदांगी, संतोषपुर सरपंच गेंदालाल जाटव, मुगलसराय सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ,मंडल उपाध्यक्ष माखन सिंह गुर्जर, सेक्टर प्रभारी संतोष दांगी आदि उपस्थित रहे है।

# समाजसेवी जितेंद्र चौधरी का बीमारी के चलते निधन

## ऐसे बिरले व्यक्ति कम होते हैं जो रात्रि में पिता की सेवा करे व दिन में राजकीय सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



एसडीएम हर्षल चौधरी के पिता जितेन्द्र चौधरी का काफी लंबे समय से स्वस्थ खराब होने के कारण रविवार को उनका निधन हो गया और उन्होने अपनी अंतिम सांस सिरोंज में ली। आज के वर्तमान समय में ऐसे बहुत कम ही बिरले व्यक्ति देखने के मिलते है जो कि शासन के बडें औधे पर रहकर राज्य की सेवा करे और साथ ही अपने धर्म को भी बखूबी निभाऐ।

सिरोंज में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी के पिता वरिष्ठ समाजसेवी जितेन्द्र चौधरी एवं उनकी माता मण्डला जिले में निवास करते थे। लेकिन उनके पुत्र एसडीएम हर्षल चौधरी शासकीय सेवा में होने के कारण वह अपने पुत्र के साथ सिरोंज में निवास करते थे। लेकिन काफी लंबे समय से उनके पिता जितेन्द्र चौधरी का स्वास्थ्य खराब चल रहा था। इसी बीच विगत माह पूर्व हुए पंचायत,नगर पालिका व विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराए और इसी बीच उनके पिता का स्वास्थ्य काफी खराब हो गया। जिसके चलते रात्रि में एसडीएम हर्षल चौधरी एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ शिवानी रात-रात भर पिता की सेवा करते रहते थें और सुबह उठकर अपनी शासकीय सेवाओं में जुट जाते थें। जब हर्षल चौधरी अपने ऑफिस में रहते है तो वह हमेषा आवेदको व आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए तट पर खडें रहते है। साथ ही किसी भी मिलने वाले व्यक्ति को अहसास नही होने देते थे कि वह अपने पिता के स्वस्थ्य को लेकर चिंतित है। वह हमेषा हर व्यक्ति से हसमुख व मधुर व्यहार से समस्याओं को सुनते थें। शासकीय कार्य के साथ अनेको परिस्थितियों में भी वह अपने पिता श्री का पूरा ख्याल रखते थें और लंच के समय घर पहुचकर अपने पिता की देखरेख करते रहते थे। अपने पिता की इतनी सेवा करने के बाद भी भगवान को मंजूर नही था। वही शनिवार-रविवार की देर रात्रि में जितेन्द्र चौधरी ने सिरोंज में अंतिम सांस ली। वही उनका अंतिम संस्कार मण्डला में किया गया। इस मौके पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी व विभिन्न राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनो, मीडियाकर्मियो ने जितेन्द्र चौधरी के निधन पर शोक श्रद्धाजंलि दी।

# गरीबों को कंबल, मिठाई, फल बांटकर मनाया मुस्लिम महासभा का स्थापना दिवस



सिरोंज। मुस्लिम महासभा जिला अध्यक्ष एडवोकेट शोएब खान द्वारा मुस्लिम महासभा के स्थापना दिवस पर गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबल एवं फल फ्रूट बांटकर मुस्लिम महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया। कंबल में भोपाल स्थित शाही जमील होटल आरिफ खान द्वारा सहयोग किया गया। वहीं एडवोकेट शोएब खान ने बताया कि मुस्लिम महासभा की स्थापना सन 2007 में मरहूम यूनुस खान द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य तंजीम तालीम तिजारत और तरक्की एवं हिंदू मुस्लिम एकता को साथ लेकर चलने के उद्देश्य से बनाया गया था। वही एकता की मिसाल देते हुए सभी को चैन सुकून से रहने एवं देश में अमन चैन बनाने के लिए भाईचारा रखने को कहा गया। इस मौके पर मुस्लिम महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ खान, मुफ्ती जावेद खान मोहम्मद शुजा इकबाल मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड के बावजूद नगर परिषद ने नहीं जलवाए अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



नगर परिषद द्वारा प्रति वर्ष दिसंबर जनवरी माह में पड़ने वाली कड़ाके की सर्दी को देखते हुए आम जान अस्पताल में इलाज लिए और बाहर से आए हुए यात्रियों को सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था सार्वजनिक रूप से की जाती रही है।

परंतु इस वर्ष जनवरी प्रारंभ होने के बाद भी अभी तक कहीं भी सार्वजनिक रूप से अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।

मजबूर होकर लोग कूड़ा कचरा जला कर आग से बचने का उपाय कर रहे हैं। पूर्व में शासकीय चिकित्सालय बस स्टैंड बीना तिराहे मालीपुरा, कृषि उपज मंडी मेन बाजार गांधी चौक ईदगाह नाका आदि सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी डालकर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाती रही है परंतु अभी तक इन स्थानों पर अलाव की कोई व्यवस्था न होने से लोगों ने विधायक ,नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है सर्दी के सितम को देखते हुए लोगों को राहत देने के लिए शीघ्र अलावा चलाने की व्यवस्था की जाए। गौरव कुमार इंजीनियर एवं प्रभारी सीएमओ नगर परिषद कुरवाई का कहना है कि अभी वित्तीय व्यवस्था नहीं है शीघ्र ही वित्त की व्यवस्था कर नगर में अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

# अनेक योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा: सप्रे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत कुरवाई के ग्राम जरगुआं पहुंची विकसित यात्रा में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपचंद सप्रे, तहसीलदार संदीप शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिससे किसान मजदूर महिलाओं को सशक्त बनाकर भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा किया जा सके और दर्जनों योजनाओं का लाभ देश की जनता को दिया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत को 2047 तक विश्व में पहले पायदान पर लाना है कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद जैन,जीआर पंचायत सरपंच संजय राठौर, वरुण चौबे भाजपा वरिष्ठ नेता दीनदयाल कुशवाह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने में विफल खनिज अधिकारियों को नोटिस से मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों जिले के कलेक्टर अरविन्द दुबे द्वारा जिस प्रकार नर्मदा रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन पर सख्त रूख अपना कर खनिज विभाग के जिम्मेदार 3 अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए उससे हडकंप मच गया है। खनिज विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए बाड़ी, बरेली तहसीलों के जिन मार्गो का उपयोग कर नर्मदा रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन होता है। जेसीबी की मदद से रास्तों पर गहरी खाईयां खुदवाई गई।

नर्मदा मैया की रेत ही नहीं नदी नालों से बजरी, पीली मिट्टी, बाड़ी के पास जंगल से कोपरा की भी अवैध खुदाई परिवहन का व्यापक स्तर पर कारोबार फैला हुआ है। हकीकत तो यह है कि खनिज विभाग का अमला हमेशा रायसेन में बना रहता है। परंतु नर्मदा की रेत, नदियों नालो की बजरी, मिट्टी, कोपरा इत्यादि का उत्खनन देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में व्यापक स्तर पर हो रहा है। इसी के साथ नदी नालों के किनारो पर लाखो ईटों का निर्माण और विक्रय का भी कारोबार फैला हुआ है। जिस प्रकार नदी नालों और नर्मदा मैया में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन हो रहा है। उससे वातावरण बिगडने, नदियों का स्वरूप बदलने का संकट बना हुआ है। इसे रोकने के लिए अवैध उत्खनन, परिवहन, मशीनों, वाहनों के विरूद्ध खनिज विभाग के साथ यदि राजस्व विभाग, पुलिस सक्रिय हो जाए तो कुछ हद तक लगाम लग सकती है।



### मार्गो पर गड्ढो से रूक पाएगा अवैध कारोबार

पूर्व के वर्षो में खनिज विभाग द्वारा इसी प्रकार मार्गो पर गहरी खाईयां खोदी गई थी। फिर भी अवैध उत्खनन, परिवहन नहीं रूका। खनिज विभाग की टीम से नर्मदा तटवर्ती ग्राम मौतलसिर, घाट पिपरिया, सोजनी पहुंच कर उन रास्तों को बंद करवाया गया। जहॉं से ट्रेक्टर ट्रालियों के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन होता रहता है। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटो से रेत, मिट्टी, बजरी का अवैध उत्खनन, परिवहन के फैले व्यापक कारोबार में कुछ मार्गो पर जेसीबी से खाईयां बना देने से अवैध कारोबार क्या रूक पाएगा?

# सर्दी से बचाने भारतीय स्टेट बैंक ने असहाय लोगों को कंबल बांटे




विदिशा। स्टेशन पर असहाय लोगों को कंबल वितरित करते बैंक के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच पहुंचकर बढ़िया क्वालिटी के कंबल वितरित किए गए।

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक बापूजी चरण स्वैन स्वयं विदिशा के रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होने देखा कि लोगों के पास सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल तक नहीं हैं। ऐसे जरूरतमंद और असहाय 100 से अधिक लोगों को ऊनी कंबल वितरित किए। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट भोपाल मंडल के मुख्य प्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सामाजिक जबावदेही के तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी 35 क्षेत्रीय कार्यालयों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण करने के निर्देश दिए हैं। विदिशा में शनिवार को कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक बापूजी चरण स्वैन के साथ लीड बैंक मैनेजर नरेश मेघानी सहित बैंक के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आरएसएस का एक दिवसीय शीत शिविर का हुआ समापन

ग्यारसपुर। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के द्वारा एक दिवसीय शीत शिविर का आयोजन कुशवाहा शिवालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रचारक मधुकर शर्मा के द्वारा किया गया। जिसमें खंड कार्यावाह राजेश चिड़ार वा खंड कार्यकारिणी की मौजूदगी में मुख्य रूप से प्रकट उत्सव रहा। जिसमें नये स्वयंसेवकों ने समाज के सामने अपना प्रदर्शन किया। बरेली से आए जिला सेवा प्रमुख चंद्रभान के द्वारा शिविर में आए हुए नए स्वयंसेवकों को बौद्धिक दिया गया। जिसमें उन्होंने प्रमुख रूप से बताया कि 22 जनवरी को हम सब के आराध्य भगवान राम टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस कार्य में हम सब की भूमिका अवश्य होना चाहिए। हमारा कार्य शांति की स्थापना के लिए है, शांति की स्थापना तब होगी जब हम शक्तिशाली होंगे। शक्ति हमारे संघ कार्य से आएगी। आज हमारी शक्ति के कारण ही यह सब संभव हो रहा है। अब पूरी दुनिया में शांति आने वाली है। अगर हम मथुरा वृंदावन जाते हैं तो देखते हैं कि वहां विदेशी लोग भरे पड़े हैं और हमारे ईश्वर की आराधना कर रहे हैं। हमारे देश के लोगों की स्थिति क्या है यह हम सब को पता है इसे ठीक करना है।

# नगर गौरव दिवस की शुरूआत, शहीदों को दी श्रद्धांजली

## शहीदों के बलिदान से हुआ नबावी का अंत, राज्यमंत्री पटेल, घोघरा नदी पर कार्य का किया भूमि पूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जनवरी 1949 को भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदौलन में बरेली के दो युवा जुगराज सोनी एवं रामप्रसाद अहिरवार नबावी पुलिस की लाठियां झेलते हुए शहीद हुए थे। 6 जनवरी को नपं. द्वारा नगर गौरव दिवस घोषित कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः बाल बिहार स्थित शहीद स्मारक पहुंच कर राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, नपं. के कर्मचारियों द्वारा देश के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर मौन धारण कर नगर गौरव दिवस की शुरूआत की गई। नपं. द्वारा जहॉं विलीनीकरण आंदौलन में दो युवा शहीद हुए थे, वहॉं शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया, जिसका लोकापर्ण प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल द्वारा किया गया। इसी के साथ राज्यमंत्री पटैल ने अमृत 2.0 योजना के के अंतर्गत घोघरा नदी पर 92.85 लाख रू. होने वाले निर्माण कार्यो का भी भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नपं. के पार्षदों, नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। नपं. द्वारा 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने के साथ पहले वर्ष बडा बाजार में दोपहर में गीतो भरी शाम शहीदों के नाम गीत संगीत, राष्ट्रीय गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग दो घंटो तक रूद्राक्ष म्यूजिकल ग्रुप के गायकों द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत, राम जन्मभूमि से संबंधित गीत भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसे देखने सुनने भारी संख्या में नागरिकों, व्यापारियों, सामान्यजन की उपस्थिति रही।

### मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नपं. द्वारा आयोजित नगर गौरव दिवस समारोह में नगर में पढे बढे और प्रदेश के लोक स्वा. राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का सार्वजनिक रूप से शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, अन्य अतिथियों, नपं. के पार्षदों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर विलीनीकरण आंदौलन के 2 शहीदों जुगराज सोनी एवं रामप्रसाद अहिरवार के परिजनो को शाल, श्रीफल, प्रमाणपत्र प्रदान कर नपं. की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनिल वर्मा, नपं. उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिद्रुआ, गोपाल बांसल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, ने विचार व्यक्त किए।

## बिजली के खंभे से टकराई कार, खंबा टूटा नाबालिग बाल-बाल बचा

**सेमरी हरचंद।** स्टेशन रोड पर मंडी गेट के सामने मारुति कार को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नाबालिक ने बिजली के खंबे में टक्कर मार दी। जिससे बिजली के खंभे को तोड़ती हुई कर जाकर खाली जगह में घुस गई नाबालिक की किस्मत अच्छी होने के कारण वह बाल बाल बच गया। क्योंकि खंबे के पास ही डीपी दी थी यदि डीपी से कर टकरा जाती तो कोई अनहोनी घटना घटने की संभावना थी प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि कर के खंभे से टकराने पर बहुत जोर की आवाज आई ऐसा लग रहा था जैसे किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो बहरहाल नाबालिक कर चालक सुरक्षित है एवं उसे कोई चोट नहीं आई परंतु इस घटना से सबक लेकर माता-पिता को अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## 9 डिग्री पर आया रात का तापमान

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, अलावा का सहारा ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सर्द हवाओं के चलते शहर में सप्ताह भर से रात का तापमान 10 डिग्री से भी नीचे चल रहा है। बीते तीन दिन से आसमान में बादल छाए हैं, जिससे लोगों को राहत है। लेकिन रात में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं न्यूनतम तापमान 9 डिग्री एवं अधिकतम 23 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसके कारण बादल छाए रहेंगे अभी दो दिनों तक रात का तापमान ज्यादा काम नहीं होगा। पर इसके बाद आसमान साफ होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे और ज्यादा ठंड बढ़ेगी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा छोटे बच्चों और बुजुर्गों को तेज ठंड से बचने की सलाह दी जा रही है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग गर्म कपड़ों में ही घर से बाहर निकलें।

तापमान में गिरावट के साथ ही शहर में वायरल बीमारियों से पीड़ित लोगों की सं या में इजाफा हो रहा है। बुजुर्गो, हृदय रोग और मधुमेह से पीड़ित लोगों को डॉक्टरों द्वारा लू के टीके लेने और विशेष रूप से रात और सुबह के समय ठंड के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी जा रही है। इसी तरह, माता-पिता को अपने बच्चों की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि उन्हें खांसी, सर्दी और अन्य वायरल विकारों का भी खतरा होता है।



### अगले 3-4 दिनों तक रहेगी कड़ाके की ठंड

*मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी हवा चलने से रात के समय ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं दिन में भी कई शहरों में कोल्ड डे रहने के आसार हैं। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिन तक बना रह सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंच गया है। इसके प्रभाव से मौसम के मिजाज में और बदलाव आ सकता है।*

## बरसात के मौसम में भवन की छत से टपकता है पानी

# महिला व बाल विकास विभाग का भवन बन सकता है कभी भी हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

महिला बाल विकास विभाग का स्थानीय कार्यालय भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है। निर्माण के बाद से ही भवन की मरम्मत का कार्य नही कराए जाने के फल स्वरुप भवन क्षतिग्रस्त हो गया है जो कि कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल के नुकसान से इंकार नही किया जा सकता है। नगर के वार्ड नंबर एक बीएसएनएल कार्यालय के पास महिला बाल विकास विभाग का एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित है। इस कार्यलय भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व किया जाना बताया जा रहा है। यह भवन पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया हैं। छत से प्लास्टर गिरने के साथ ही बरसात के मौसम में पूरे भवन की छत से पानी टपकता है। कर्मचारी पन्नी बांध कर शासकीय कार्य का कर्तव्य पूर्वक संपादन करते है। हालांकि अनेको दफा स्थानीय कार्यालय के द्वारा भवन की जर्जर स्थिति से बरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन किसी भी स्तर पर बरिष्ठ कार्यालय के द्वारा भवन की जर्जर हालत पर ध्यान नहीं दिया गया। फल स्वरुप कार्यालय भवन क्षतिग्रस्त होकर धरासाई होने की कगार पर पहुंच गया है। बरिष्ठ अधिकारी हादसे के इंतजार में- क्षतिग्रस्त हो चुके भवन की जानकारी से विभाग के स्थानीय कार्यालय के द्वारा बरिष्ठ अधिकरियो को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन बरिष्ठ कार्यालय के द्वारा अभी तक भवन मरम्मत या नव निर्माण कराए जाने को लेकर कोई कार्रवाही ना किया जाना बताया जा रहा है। जबक भवन पूर्णतः क्षतिग्रस्त होकर गिरने की कगार पर पहुंच गयाहै। इसी भवन में बैठकर कर्मचारी विभागीय काम करते है।बल्कि आगंनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओ की मीटिंग भी क्षतिग्रस्त भवन में ही संचालित होती है। यदि हादसा होता है तो जान माल का नुकसन होने की संभावना से इंकार नही कया जा सकता है, लगता है बरिष्ठ कार्यालय किसी हादसे के इंतजार में है।




### कभी भी हो सकता है हादसा

महिला बाल विकास विभाग का एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जो कि पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षतिग्रस्त हो चुका भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल के नुकसान की संभावना को सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता है। कारण कि कार्यालय में बैठ कर कर्मचारी शासकीय कार्य करते है। साथ ही तहसील भर की आगंनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाए भी शासकीय कार्य से कार्यालय आती है। इतना ही नहीं आगंनवाड़ी से संबंधित कार्यकर्ताओ की मीटिंग भी कमोवेश प्रतिमाह इसी क्षतिग्रस्त भवन में होती है। बरसात के मौसम में कार्यालय की छत से पानी टपकता है। छत से पानी टपकने पर कर्मचारी पन्नी बांध कर बैठते है। तथा कार्य करते है। बल्कि कई दफा तो बरसात का पानी लगने से कार्यालय की सामग्री भी खराब होना बताया जा रहा है। नागरिको ने प्रशासन से नवीन भवन निर्माण की मांग की हैं।

# विनीत भार्गव को नियुक्त किया किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विधान सभा चुनाव के बाद संगठनात्मक फेरबदल बीते दो हफ्तों से जारी है। संगठनात्मक फेर बदल की गतिविधियां शोभापुर मंडल में राजनैतिक रथ में सवार होकर प्रभावी सफर पर अग्रसर है। इस सफर की संभावना हाल ही में बीते विधान सभा चुनाव के दौरान नेताओं के पैरों की चाल से लगाई जा रही थी। वरिष्ठ भाजपाई विनीत भार्गव जो कि मूलतः शोभापुर के निवासी हैं। उनकी निष्ठा और आस्था उन्हे भाजपा का निर्विवाद कर्मठ सिपाही बनाती है और फलस्वरूप उन्हे किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया है। मंडल अध्यक्ष ललित पटेल ने पत्र के माध्यम से बताया कि उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देश पर जिला प्रभारी सीमा सिंह जादौन, जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, विद्यायक विजयपाल सिंह की सहमति पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत द्वारा की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर किसान मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश पटेल, ललित पटेल, केशव जाजू, शरद दुबे, नव नियुक्त युमो मंडल अध्यक्ष सुदीप दुबे, भगवान सिंह पटेल, कमलेश आचार्य, राघवेंद्र आचार्य, चंद्रगोपाल भार्गव, हिम्मत कुशवाहा, गणेश राम, राजकुमार पटेल, अजय श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी पटेल, हैप्पी नामदेव इत्यादि ने बधाइयां प्रेषित की है। हाल में शोभापुर मंडल में निवासरत भाजपा कार्यकर्ताओं की ताजपोशी के बाद विधान सभा के समर्पित कार्यकर्ताओं में उम्मीद की किरण सी जाग चुकी है कि देर सबेर उन्हे भी इमानदारी का इनाम मिल सकता है। दरअसल विधान सभा चुनाव परिणाम के बाद सोसल मीडिया के अनेक प्लेटफार्मो पर भितरघाती कार्यकर्ताओं को काफी कुछ कहा सुना गया था जिससे यह उम्मीद और प्रबल मानी जा रही है कि सोहागपुर मंडल में भी काफी कुछ बदले जाने की जरूरत संगठन महसूस कर सकता है। हालांकि अभी तक यह अस्पष्ट है कि भितरघाती किसके इशारों में किसने और किस स्तर तक की है।



## बाल सभा में बाल संसद का किया गया आयोजन

**सिवनीमालवा।** शासकीय हाई स्कूल खांडादेवरी में शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा हस्तलिखित शालेय पत्रिका का निर्माण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिका ने कविता,कहानी ,लेख आदि से सजा दिया। साथ ही बाल सभा में बाल संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी, शिक्षक पंकज कुमार दुबे, राजेश कुमार साहू, रामेश्वर प्रसाद मेहरा, सोहन लाल अहिरवार, नीमचन्द कुशवाहा, ब्रजेश मेहर, दिनेश कुमार साहू, रितु साहू, नगीना खान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



## हादसों का बना डर, विभाग नहीं करता कार्रवाई

# नाबालिग दौड़ा रहे तेज रफ्तार से वाहन, ताक पर रखे नियम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर में यातायात नियमों का हर दिन उल्लंघन हो रहा है। यह नजारा मात्र नगर के व्यस्ततम क्षेत्र बजरंग चौराहा व गांधी चौक का नही है। बल्कि नगर की गलियों में भी है जहां स्टाइलिश बाइक पर युवा रेसिंग लगाकर अपनी जान के साथ साथ आमजनता को भी मुसीबत में झोंक रहे हैं।

वाहनों की बेलगाम गति और नाबालिग 12 से 16 वर्ष के बच्चे दोपहिया पर तीन, चार सवारी के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन दौड़ा रहे है। इतना ही नहीं नगर में सैकड़ों वाहन तो ऐसे भी है जिनकी नंबर प्लेटों पर नंबर तक अंकित नहीं है जबकि स्टाइलिश बाइक पर नियम के विरूद्ध नंबर लिखवाए गए है। खास बात यह है कि इन सभी स्थितियों से संबंधित विभागों के आला अफसर भी भली-भांति परिचित है, किन्तु यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर कोई कठोर कार्रवाही नहीं की जा रही है। लिहाजा नियमों के उल्लंघन का सिलसिला खुलेआम होते देखा जा सकता है।

### जोखिम बना सफर

नगर में यातायात नियम का उल्लंघन किस कदर किया जा रहा है इसका उदाहरण सागर, बरेली, उदयपुरा मार्ग पर ओवर लोड भागते यात्री वाहनों को देखकर आसानी पूर्वक लगाया जा सकता है। नियम और क्षमता के विपरीत यात्रियों को बैठाकर चालक मुसाफिरों के लिए सफर जोखिम बना देते है। स्थिति तो कई बार ऐसी भी देखी जाती है जब चालक तीन से चार यात्रियों को वाहन के पायदान पर लटकाकर उनकी जान से खिलवाड़ करते नजर आते है। वाहन चालकों द्वारा यात्री वाहनों में क्षमता से कई अधिक सवारियां बिठाकर उनकी जान के साथ भी खेल रहे है, लेकिन इन से अनभिज्ञ बना बैठा परिवहन एवं यातायात विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। बस वसूली करना होती है तो सड़कों पर कार्रवाई करते दिख जाते है, लेकिन इन्हें लोगों की जान खतरे में डाल कर संचालित कर रहे वाहन चालकों से कोई लेना देना नहीं है।

### बाइक की गति पर नहीं ब्रेक

युवाओं के हाथों में बाइक आते ही वे हवा से बातें करने लगते है यानि फैशन और दिखावे में युवा अंधाधुंध गति से वाहनों को चलाते है। मुख्य सड़क हो या ट्राफिक वाली जगह यहीं हाल नगर में देखने को मिलता है। इन हवाबाज चाल1कों में युवाओं से ज्यादा नाबालिग बगों की संख्या शामिल है जो स्टाइलिश वाहनों पर सवार होते ही गति पर नियंत्रण खो देते है। इससे कई बार आमजनता मुश्किलों में पड़ जाती है।

# ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस थानों के परिसीमन को लेकर पिछले दिनों हुई कलेक्टर और एसपी की बैठक के बाद मिले आदेश को लेकर अब स्थानीय अधिकारी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से उनकी राय जानने का प्रयास कर रहे हैं। आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह चौहान ने रामपुर थाना प्रभारी के साथ कुछ ऐसे गांवों का दौरा किया जिनके तवानगर और पथरोटा थाना से दूरी होने से रामपुर थाना क्षेत्र में मिलाने की योजना है। थानों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में आज एसडीम टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहनी, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, रामपुर थाना प्रभारी आकाश शर्मा और पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार के साथ ग्राम रूपापुर, चिल्लई और सिलारी गांव में पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी राय जानी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से इटारसी तहसील के थाना तवानगर स्थित सोनतलाई, कोठा, गजपुर, रूपापुर, चिल्लई, सिलारी, बेलावाड़ा, धोबीखापा और थाना पथरोटा के अंतर्गत आने वाले नांदनेर और कांदईकलॉ को इटारसी अनुविभाग के ही थाना रामपुर में शामिल करने के संबंध में ग्रामीणों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके सुझाव लिये हैं। एसडीएम टी प्रतीक राव ने बताया कि सभी ग्रामीणों और सरपंचों से थाने की सीमा निर्धारण को लेकर चर्चा की गई, सभी से सुझाव लेकर कलेक्टर को भेजा जाएगा।



# मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम सोनिया मीणा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र क्रं.136 के 318 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन बीएलओ द्वारा किया गया। 1 जनवरी की अहर्ता तारीख को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त 18 एवं 19 आयु वर्ग के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़े जाने की कार्यवाही की जाकर बीएलओ एप के माध्यम से दर्ज समस्त फार्मो की जांच करके समस्त दस्तावेज अपलोड किए जाएंगे प्रमोद सिंह गुर्जर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मतदाता सूची से नाम काटना, तथा संशोधन की प्रक्रिया चलेगी 25 जनवरी को 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समस्त 318 मतदान केंद्रो पर मनाया जाएगा। 13 एवं 20 जनवरी को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कैंप आयोजित किए जाएंगे। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन मतदान केन्द्रों के साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा, तहसील कार्यालय डोलरिया, तहसील कार्यालय इटारसी तथा केसला में भी किया गया।

## मुख्य अतिथि के ने मां सरस्वती के चित्र पर किया माल्यार्पण

# 'गरीब बेसहारा को योजनाओं का लाभ दिलाने पर मिलता है पुण्य'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालयो पर किया जा रहा है प्रत्येक दिन दो ग्रामो में यात्रा पहुंच रही है। जहां कि योग कराने के साथ ही हितलाभ वितरित किए जा रहे है साथ ही योजनाओ की जानकारी से भी ग्रामीणो को अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संकल्प यात्रा तहसील के ग्राम पंचायत मुख्यालय जैथारी व बीकलपुर पहुंची, जहां पर कि कार्यक्रम आयोजित किए गए। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह विषेश रुप से शामिल हुए तथा ग्रामीणों से उनकी कुशल क्षेम जानी व संवाद किया ।

आयोजित कार्यक्रम को पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने संबोधित किया। उन्होने अपने संबोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को देश के लिए मील का पत्थर बताते हिुए कहा कि गरीब व पात्र हितग्राही को हितग्राही मूलक योजनाओ का निःस्वार्थ लाभ दिलाना, तीर्थ यात्रा कराने के समान होता है, जितना पुण्य किसी को तीर्थ यात्रा कराने में मिलता हैं उतना ही पुण्य गरीब, यतीम, बेसहारा व्यक्ति को योजनाओ का लाभ दिलाने पर मिलता है। विश्व पटल पर भारत देश का नाम स्वर्ण अक्षरो में लिखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की खुशहाली व नागरिको की समृद्वि के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। प्रत्येक व्यक्ति को शुद्व पीने का पानी मिले इसको लेकर जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। इसके अतिरिक्त श्री सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओ की चर्चा की व हितलाभ भी वितरित किए, बल्कि नागरिकों से स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराने का भी आव्हाण किया । यहां पर पौध रोपण भी श्री सिंह के द्वारा किया गया।



### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई

वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक कर्तव्य निभाने की शपथ आम लोगों को पूर्व मंत्री सिंह ने दिलाई। प्रारंभ में मुख्य अतिथि के द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। यहां पर स्कूली बालिकाओ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई, जिन्हे कि उपस्थितो के द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन विजय सोनी शिक्षक ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।